
# खेतड़ी के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई

## अवैध खनन कर पत्थरों से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये, खनन माफिया में हड़कंप मचा

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के पहाड़ी क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने अवैध खनन कर भरे गए पत्थरों से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए।

सहायक वन संरक्षक विजय फगेड़िया ने बताया कि खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर वन विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीएफओ बी एल नेहरा के निर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ विजय फगेड़िया के नेतृत्व में जिलेभर में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। इस दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि उपखंड के तातीजा वन क्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों में अवैध खनन किया जा रहा है। मामले की गंभीरता देखते हुए रेंजर रतन सिंह, वन पाल शाहरुख खान, सत्यवान पूनिया के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पहाड़ी क्षेत्र में अवैध



खेतड़ी में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए।

खनन कर रहे लाल चेजा पत्थर निकाला जा रहा था। खनन माफियाओं ने अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉली को भर रखे थे। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो खनन करने में जुटे लोग भागने लगे। इस दौरान वन विभाग की टीमों ने माकड़ों वन क्षेत्र से अवैध खनन कर रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर ड्राइवर सहीराम पुत्र गुरूदयाल निवासी तातीजा व सुरेंद्र पुत्र ख्याली राम निवासी माकड़ों को हिरासत में ले लिया।

- ‘सूचना मिली थी कि उपखंड के तातीजा वन क्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों में अवैध खनन किया जा रहा है’

रेंजर फगेड़िया ने बताया कि विभाग की टीमों द्वारा हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है तथा मौके पर अवैध खनन कर भरे गए ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर खेतड़ी रेंज कार्यालय लाया गया है। इस दौरान इस दौरान वन विभाग की टीम में रेंजर रतन सिंह, वन पाल रणजीत सिंह, शाहरुख खान, सत्यवान पूनिया, मनोज मीणा, सुमेर सिंह, ईश्वर सिंह, महिपाल सिंह रिणवा आदि शामिल थे।

# चौकीदार को हथियार दिखा लाखों की मशीनें लूटी

## 12 मशीनों के साथ एक लेपटॉप, कैमरा और चौकीदार का मोबाइल भी ले गए बदमाश

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती उचियारड़ा स्थित नांदड़ा बाइपास रोड पर एक मकान में क्रिप्टो डेटा मशीनों की लूट की वारदात हो गई। मशीनों की सुरक्षा के लिए तैनात चौकीदार को गन पाइंट पर लेकर लूट की गई। मौका स्थल से बदमाश 12 मशीनों के साथ एक लेपटॉप, कैमरा और चौकीदार का मोबाइल भी ले गए। वारदात में दो लोगों का हाथ होना बताया गया है। लूटेरे स्कार्फ पहन कर आए और चौकीदार को बंधक बना गए। एक मशीन का वजन 15-20 किलो के आसपास है। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने इसमें गहनता से तफ्तीश आरंभ की है। मशीनों की कीमत लाखों में बताई जाती है।

महादेव नगर, पाल रोड निवासी शरद पुत्र विजय कुमार बोराना की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि उसने एक मकान उचियारड़ा गांव की सरहद में नांदड़ा बाइपास पर किराए पर ले रखा है। मकान में क्रिप्टो

- मुंह पर स्कार्फ बांधकर आए दो लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया
- एक मकान में क्रिप्टो मशीनें लगा रखी थी जोकि डेटा सर्वर का काम करती है

मशीनें लगा रखी है जोकि डेटा सर्वर का काम करती है। इन मशीनों की देखभाल एवं सुरक्षा के लिए दो चौकीदार अथवा गार्ड दौलाराम देवासी और सत्यनारायण को लगा रखा है।

परिवादी के अनुसार मशीनों के सर्वर को उसके मोबाइल से भी कनेक्ट करने के साथ एक कैमरा और लेपटॉप भी लगा रखा है। 4 अप्रेल की सुबह साढ़े पांच बजे उसके चौकीदार सत्यनारायण ने कॉल कर बताया कि कुछ समय पहले दो नकाबपोश युवक आए और दरवाजा खटखटाया था। तब उसके द्वारा दरवाजा खोले जाने पर उसके हाथ बांध दिए गए और 12 डेटा मशीनें लूट कर ले गए। बदमाशों ने कैमरे की वायरिंग को भी काट दिया। इसका मैसेज उसके मोबाइल पर सुबह ही आया था। लुटेरों ने वहां से 12 मशीनों के साथ लेपटॉप, कैमरा और चौकीदार सत्यनारायण का मोबाइल भी लूट ले गए। रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं किया गया कि मशीनें किस साधन से लेकर गए, ना ही चौकीदार इस बारे में जानकारी दे पाया। एक मशीन का वजन तकरीबन 15-20 किलो है। कुल 12 मशीनें थी। पुलिस को प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। इसमें लूट का केस दर्ज किया गया है।

पुलिस लूट की इस वारदात को सोची समझी साजिश के तहत भी जांच में लाकर देख रही है। दो व्यक्तियों द्वारा भारी भरकम मशीनें ले जाने संदेह से परे नहीं है, फिलहाल पुलिस जांच में ही इसका खुलासा हो पाएगा।

# रेलवे ने बेटिकट यात्रियों से 10 करोड़ रुपए से भी ज्यादा वसूले

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने टिकट चेकिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए बीते वित्त वर्ष में 10 करोड़ रुपए से भी अधिक राजस्व वसूल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बेटिकट यात्रियों से वसूला गया यह राजस्व निर्धारित लक्ष्य से साढे सात प्रतिशत ज्यादा भी है।

जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करने के उद्धेश्य से चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जोधपुर मंडल पर बिना टिकट और अनियमित यात्रा के 2 लाख 34 हजार 754 मामलों से 10 करोड़ 60 लाख 39 हजार 650 रुपए की वसूली की गई जो अब तक की

- एक माह में 1.15 करोड़ रुपए की वसूली का भी नया कीर्तिमान

सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि मंडल को गत वित्त वर्ष में 2 लाख 18 हजार 692 मामलों से 9 करोड़ 80 लाख रुपए का लक्ष्य मिला था। मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 80 लाख 39 हजार 650 रुपए अधिक राजस्व की वसूली की जो सराहनीय है।

मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि जोधपुर मंडल पर मार्च में सघन टिकट जांच अभियान से मंडल को 1 करोड़ 15 लाख 69 हजार 824 रुपए का राजस्व अर्जित हुआ जो एक माह में सर्वाधिक वसूली का नया कीर्तिमान है। इससे पहले गत वित्त वर्ष में एक माह में 1 करोड़ 8 लाख रुपए की वसूली की गई थी।इस उपलब्धि के लिए उन्होंने टिकट चेकिंग स्टाफ को बधाई दी।

जोधपुर मंडल पर सघन टिकट जांच अभियान के दौरान अकेले मार्च में बिना व अनियमित यात्रा के 25 हजार 258 मामलों से 1 करोड़ 13 लाख 30 हजार 544 रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर गंदगी फैलाते पाए गए 1792 यात्रियों से रेलवे ने दो लाख 3 हजार 450,धूम्रपान करते पाए जाने वाले 129 यात्रियों से 24 हजार तथा निर्धारित छूट से ज्यादा वजन का सामान लेकर यात्रा करने वाले 72 यात्रियों से 11 हजार 830 रुपए की वसूली भी की गई।

## डिग्गी में गिरने से चरवाहे के पुत्र की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाने के गांव नवां की रोही में एक मवेशियों को लेकर आये एक चरवाहे के 18 वर्षीय पुत्र की पानी की डिग्गी से पानी निकालते समय पैर फिसलकर डिग्गी में गिरने से मौत हो जाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि मांगेलाल पुत्र सुखाराम नायक ने गुरूवार को हमीरवास थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 3 अप्रेल को वह अपना मवेशियों को लेकर ग्राम नवां आया हुआ था तथा उसका पुत्र सोनू एवं उसके गांव का मुखाराम पुत्र मूलाराम व रूघाराम पुत्र सिरामाराम निवासी कांगड तहसील रतनगढ जिला चूरू भी उसके साथ थे। शाम को उसका पुत्र सोनू उम्र 18 साल नवां के खेत में बनी पानी की डिग्गी से पानी लेने गया था, इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह डिग्गी में गिर गया।

# बॉर्डर पार से आया ड्रोन धराशायी, आठ करोड़ की हेरोइन बरामद

## पाकिस्तान से हेरोइन की खेप लेकर आया ड्रोन भारत-पाक सीमा से सटे गांव 40 पीएस के एक खेत में गिर गया था

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सतर्कता के चलते ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप तस्करों के हत्थे चढ़ने से बच गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब आठ करोड़ रुपए बताई जा रही है। ड्रोन की यह खेप आने से दो दिन पहले ही पुलिस और बीएसएफ ने केसरीसिंहपुर क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से संयुक्त सर्च अभियान चलाया था।

जानकारी के अनुसार देर रात

- ड्रोन में बंधी कपड़े की पोटली को खोला तो दो पैकेट में 1 किलो 708 ग्राम हेरोइन बरामद हुई

किसी समय पाकिस्तान से हेरोइन की खेप लेकर आया एक ड्रोन भारत-पाक सीमा से सटे गांव 40 पीएस के एक खेत में गिर गया। बीएसएफ को सुबह नियमित सर्च अभियान के दौरान खेत में क्षतिग्रस्त ड्रोन मिल गया। ड्रोन को कब्जे में लेकर इससे बंधी कपड़े की पोटली को खोला गया तो 2 पैकेट में बंधी 1 किलो 708 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

बीएसएफ की ओर से घटना की जानकारी समेजा पुलिस थाने में देने पर अनूपगढ़ पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भंवरलाल, पुलिस उप अधीक्षक अन्नू बिश्नोई व थाना प्रभारी विकास बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायाजा लिया। हेरोइन की खेप की डिलीवरी लेने के लिए पंजाब के ड्रग माफिया से जुड़े तस्करों की इलाके में मौजूदगी होने की संभावना के चलते पुलिस व बीएसएफ ने संयुक्त रूप से मुख्य मार्गों पर नाकाबंदी करवाई। डिलीवरी लेने के लिए आए तस्करों की धरपकड़ के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश भी दी गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सीमा पार से हेरोइन तस्करी की घटना को लेकर बीएसएफ ने समेजा कोठी पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

# जेवर सहित लाखों की नगदी जब्त

**जालोर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर एसएसटी व एफएसटी टीमों द्वारा वाहनों की चैकिंग के दौरान चांदी व सोने के जेवरात सहित कुल 2 लाख 37 हजार 245 रूपयों की नकद राशि जब्त की गई।

आहोर विधानसभा क्षेत्र में स्थैतिक निगरानी दल संख्या 03/141 के टीम प्रभारी महेश चंद्र, पुलिस दल प्रभारी सुरेंद्र सिंह राव, कांस्टेबल छोटूराम व दिनेश कुमार ने कार्यवाही करते हुए तखतगढ़ निवासी भारत कुमार पुत्र प्रेमचंद सोनी से 7245 रुपए की नकद राशि तथा करीब 20 लाख 77 हजार रुपए के सोने व चांदी के जेवरात जब्त किए गए। कार्यवाही के दौरान आहोर के उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा मौके पर पहुँचे।

इसी प्रकार एफएसटी दल-2 द्वारा माण्डवला टोल नाके पर वाहनों की चैकिंग के दौरान वाहन की सघन जांच किये जाने पर वाहन में 2 लाख 30 हजार रूपये की नकद राशि पाये जाने पर सोमाराम पुत्र नेथीराम से राशि जब्त की गई तथा जब्त राशि को कोषागार जालोर में जमा करवाया गया।

वहीं लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र रेवदर-148 में नियुक्त एफ.एस.टी संख्या 5/148 प्रभारी- प्रेमा राम द्वारा गुरुवार रात्रि में भटाणा चौकी पर नाकाबंदी के दौरान वाहन की जांच के दौरान पीराराम पुत्र मोतीराम देवासी निवासी सनवाड़ा सिरोही के दो लाख पचास हजार रूपये पाये गये जिससे जानकारी प्राप्त करने पर कोई संतोषप्रद जवाब या दस्तावेज नही देने से उक्त नकद राशि को एफ.एस.टी संख्या 05/148 प्रभारी- प्रेमा राम द्वारा जब्त कर ली गई और जब्त नकद राशि को नियमानुसार कोष कार्यालय सिरोही भिजवा दिया गया। नाकाबंदी के दौरान एफएसटी टीम के साथ सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार मय पुलिस जाब्ता टीम भी मौजूद रहे। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय रेवदर के मीडिया इंचार्ज मनोज नालिया द्वारा दी गयी।

## युवक की मौत

**अंता, (निसं)।** पलायथा के पास चेक पोस्ट के सामने नेशनल हाइवे 27 पर शुक्रवार को सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

एक व्यक्ति को घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद ईलाज के लिए कोटा रेफर कर दिया। थानाधिकारी अंता दिग्विजय सिंह गुर्जर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। मोटरसाइकिल सवार दोनों घायलो को अंता अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने विष्णु सुमन पुत्र छीतरलाल माली निवासी राजगढ़ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे व्यक्ति पुष्पेन्द्र दाधीच पुत्र रामकिशन मिश्र (52) को प्राथमिक उपचार के बाद ईलाज के लिए कोटा रेफर कर दिया। मोटरसाइकिल सवार राजगढ़ से अंता जा रहे थे।

# दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थानान्तर्गत बीते दिनों हुए दोहरे हत्याकांड की पहली को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों रिश्ते में भाई है। बहन के प्रेमी के साथ लिव इन में रहने से समाज से मिलने वाले तानों से परेशान होकर भाइयों ने मिलकर बहन व उसके प्रेमी की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने कुछ दिन पहले एक गिरफ्तारी की थी। ऐसे में इस मामले में अब तक तीन गिरफ्तारियां हो चुकी है।

पुलिस द्वारा इनसे पूछताछ में सामने

- भाइयों ने मिलकर बहन व उसके प्रेमी की हत्या कर दी थी
- बहन के प्रेमी के साथ लिव इन में रहने से समाज के तानों से परेशान होकर की वारदात

आया कि मृतका लाली व हेतराम लिव इन में रह रहे थे। जिसके चलते मृतका का भाई मनोज खासा परेशान रहने लगा और उसने इन दोनों को ठिकाने लगाने के लिए प्लान बनाया। उसने अपनी प्लानिंग में अपने दो और भाइयों लाखनसर निवासी मूलाराम नायक व कानासर निवासी केशुराम नायक को शामिल कर लिया। उसके बाद मनोज ने लाली व हेतराम को श्रीडूंगरगढ़ बुलाया। जहां पर मनोज ने हेतराम को शराब पिलाई और निर्धारित स्थान पर लेकर गया। जहां पहले से मौजूद दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लाली व हेतराम की हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को दुर्घटना का मामला बनाते हुए गाड़ी में तोड़फोड़ की थी।

## युवक-युवती ने टांके में कूदकर दी जान

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा के निकट गिडा में एक सुनसान टांके में कूदकर एक युवक और युवती ने अपनी जान दे दी है। टांके में डूबने से भंवरी और महेंद्र की मौत हो गई। दोनों के शव 3-4 दिन पुराने बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, भंवरी और महेंद्र के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। भंवरी 29 मार्च को अपने घर से गायब हो गई थी, जिसके बाद उसके परिजनों ने 30 मार्च को गिडा पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 5 अप्रैल को, दोनों के शव एक सुनसान टांके में मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को गिडा के मोर्चरी में रखवाया। बायतू डीवाईएसपी गुमानाराम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# 19 किलो डोडा-चूरा बरामद, दो गिरफ्तार

**भवानीमंडी, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के मध्यनजर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा 19 किलो 885 ग्राम बरामद किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की कीमत पुलिस द्वारा तीन लाख रूपये बताई गई है।

सीआई रमेश चंद मीना ने बताया कि पुलिस मुख्यालाल जयपुर द्वारा चलाये जा रहे 100 दिवसीय कार्ययोजना व आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यनजर अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध हथियारों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मय जाप्ता द्वारा नाकाबंदी में अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की तस्करी करते हुये दो आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 19 किलो 885 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त किया।

यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर व चिरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन नेतृत्व में टीम गठित कर इलाका थाना में अवैध कार्य की चेकिंग व रोकथाम में नाकाबंदी में रेल्वे स्टेशन तिराहा भवानीमण्डी से डोडा चुरा के साथ दो आरोपी सुखदेव सिंह पुत्र अजैब सिंह तथा सतपाल सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी नडवाल पुलिस थाना राजोन्द जिला कथल (हरियाणा) को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जब्त कर जांच की जा रही है यह मादक पदार्थ कहा से ला रहे थे और कहा ले जा रहे थे।

## हत्यारों की गिरफ्तारी मांग

**ब्यावर, (निसं)।** सिख समाज द्वारा सचिव सरदार पवन जोत सिंह के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया है। एक अप्रेल को अज्ञात हमलावरों द्वारा सरदार मंजीत सिंह दूआ की निर्मम हत्या कर दी गई थी। हत्या के पांच दिनों पश्चात भी अभी तक हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला, ना ही कोई गिरफ्तारी हुई है। इस घटना को लेकर समस्त सिख समाज ब्यावर व राजस्थान सिख संगत काफी आहत है। राम पंजाबी और पार्षद मंगत सिंह मोनू ने कहा कि इससे पीड़ित परिवार को राहत मिलेगी।

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, हल्की बूंदाबांदी हुई

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार से ही मौसम का मिजाज परिवर्तनशील है, जिसका असर शुक्रवार को भी सुबह शाम देखने को मिला। वहीं अंचल में अल सुबह से ही बादल छाए रहे।

कभी मेघ गर्जना, कभी छिटपुट बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। वहीं अचानक मौसम परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। राजगढ़ तहसील के एवं सीमावृति क्षेत्र में सिंचित क्षेत्र भाकरां सुधीवास, बीराण, बालाण, कामाण, भोजाण, खैरु बडी, खैरु छोटी व जीराम बास आदि गांवों में किसान गेहूं की कटाई में लगे हुए हैं। जहां कुछ फसल खुले में काट कर सूखने के लिए रखी गई है, वहीं कुछ की कटाई लावणी का दौर जारी है।

दोपहर 1.45 बजे एक बार फिर हरियाणा निकटवर्ती गांवों में तेज मेघ गर्जना के साथ हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ है। हल्की बूंदाबांदी एवं तेज हवा के थपेड़ों से चिंतित किसान सीताराम मेहरा ने बताया पूर्व में बारिश एवं आंधी के चलते गेहूं की फसल में नुकसान की आशंका जताई जा रही थी और अब हवा एवं बूंदाबांदी से गेहूं की फसल में दाना खराब होने का डर सता रहा है। अंचल में अचानक हुए मौसम परिवर्तन का कारण मौसम विभाग आईएमडी ने राज्य के पूर्वोत्तर में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ बताया है।

# हनुमानगढ़ में पंजाब से डीजल लाकर बेचने का धंधा बिना रोक-टोक जारी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पिछले काफी समय से कैंचियां चौराहे पर पंजाब से डीजल लाकर बेचने का धंधा बिना रोक टोक के चल रहा है। यहां प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल प्रतिदिन पंजाब से आ कर बिक रहा है। इसके अलावा बायोडीजल के नाम से नकली तेल बिकता है। कैंचियां चौराहे के आसपास करीब आधा दर्जन बायोडीजल के नाम से पंप लगे हुए हैं, जहां इस पेट्रोलियम उत्पाद का बड़े-बड़े टेंकों में भण्डारण रहता है। यहां से प्रतिदिन पिकअप जीपों में ड्रमों में भरकर आस पास के अलावा दूर दराज तक सप्लाई होता है। इसी तरह पंजाब से डीजल लाकर बेचने के लिए यहां जगह जगह दुकानें खुली हुई हैं। ज्यादातर यह तेल की अवैध दुकानें कैंचियां चौराहे के आसपास गंगानगर सूरतगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुली हुई हैं।

बताया जा रहा है कि राज्य में पेट्रोल डीजल पर वैट कम होने से भी इन अवैध डीजल की दुकानों व बायोडीजल के नाम से बिक रहे पेट्रोलियम उत्पाद नकली तेल की बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा है। इन सब की बिक्री यहां प्रतिदिन भारी मात्रा में हो रही है। यहां बिक्री पर असर नहीं पड़ने का मुख्य कारण यह है कि कैंचियां चौराहे से पंजाब के पंपों की दूरी महज चालीस किलोमीटर ही है, कम दूरी के कारण तेल की तस्करी करने वालों को परिवहन का खर्चा कम आता है। इस वजह से यहां वैट कम होने के बावजूद भी इस धंधे पर कोई असर नहीं हैं।

करीब तीन वर्ष पूर्व कैंचियां

- प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल पंजाब से लाकर बेचा जा रहा है
- पंजाब से डीजल लाकर बेचने के लिए यहां जगह-जगह दुकानें खुली हुई हैं

चौराहे पर एक अवैध रूप से संचालित डीजल की दुकान में आग लगने से एक युवक की मौत हो गई थी फिर भी लापरवाहों पर कोई असर नहीं पड़ा है। शायद उन्हें इस से भी बड़े किसी हादसे का इन्तजार है। कैंचियां में अवैध रूप से संचालित नकली बायोडीजल के पंप गोदाम व डीजल की दुकानों पर आगजनी की घटना से निपटने के लिए कोई प्रबंध नहीं है। कैंचियां चौराहे पर तेल की तरह अवैध रूप से साबुन बनाने के काम आने वाले केमिकल का भी बड़ा व्यापार हो रहा है। यहां केमिकल के भण्डारण के लिए बड़ा गोदाम बना हुआ है। जहां ड्रमों में भरकर केमिकल रखा जाता है और यहां से आस पास की मंडियों व दूर दराज तक साबुन बनाने वाली फेक्ट्रियों में सप्लाई होता है।

बताया जा रहा है कि कैंचियां में नकली बायोडीजल पेट्रोलियम उत्पाद तथा साबुन वाला केमिकल गुजरात इत्यादि क्षेत्र से रात्रि को बड़े टैंकरों में आता है। गत दिनों कैंचियां क्षेत्र में गुजरात पुलिस किसी अन्य काम के लिए आई हुई थी तो यहां नकली बायोडीजल पेट्रोलियम उत्पाद तथा साबुन केमिकल का अवैध काम करने वालो में खलबली मची हुई थी और चर्चा थी कि गुजरात की पुलिस यहां क्यों घूम रही है।

विनोद ढाल, प्रवर्तन अधिकारी, रसद विभाग, हनुमानगढ़ का कहना है कि इण्डस्ट्रीज में इस्तेमाल करने वाले कुछ केमिकल हैं, जिनका दुरूपयोग वाहनों में भी किया जा सकता है। कैंचियां क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के पास इन केमिकल का बी श्रेणी का लाइसेंस हैं, फिर भी कोई शिकायत है तो पूरे क्षेत्र की आकस्मिक जांच की जाएगी। अवैध भंडारण और बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शराब तस्करी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 9 साल से फरार चल रहा था। आरोपी पर 2 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस को

- आरोपी नौ साल से फरार चल रहा था, दो हजार का इनाम घोषित था

सफलता हाथ लगी है। सोनी ने बताया कि बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 6 नवंबर 2011 को रतनपुर बॉर्डर पर शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ा था। जिसमें से पुलिस ने अवैध शराब के 248 कार्टन बरामद करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं रोहतक हरियाणा निवासी संजय पुत्र जगदीश गुप्ता फरार चल रहा था।

पुलिस मामले में आरोपी संजय गुप्ता की तलाश कर रही थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग रहा था। आरोपी पर जिला पुलिस द्वारा 2 हजार का इनाम भी घोषित किया था। वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत पुलिस की टीम आरोपी को पकडने के लिए हरियाणा पहुंची। जहां पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।